PlanetRead
Literacy for a Billion

Movie: Mera saya
Year:1966

Song: Jhoomka Gira Re
Lyricist: Raja Mehdi Ali Khan

झुमका गिरा रे हाए
झुमका गिरा रे
बरेली के बाज़ार में
झुमका गिरा रे
बरेली के बाज़ार में
झुमका गिरा झुमका गिरा
झुमका गिरा हाए हाए हाए
झुमका गिरा रे
बरेली के बाज़ार में
झुमका गिरा रे

सैंया आए नैन झुकाए
घर में चोरी चोरी
सैंया आए नैन झुकाए
घर में चोरी चोरी
बोले झुमका मैं पहना दूँ
आ जा बाँकी छोरी
मैं बोली ना ना ना बाबा
ना कर जोरा जोरी
लाख छुड़ाया सैंया ने
कलैया नाही छोड़ी
हाए कलैया नाही छोड़ी
फिर क्या हुआ
फिर
फिर झुमका गिरा रे
हम दोनों की तकरार में
झुमका गिरा रे
बरेली के बाज़ार में
झुमका गिरा रे

घर की छत पे मैं खड़ी
गली में दिलबर जानी
घर की छत पे मैं खड़ी
गली में दिलबर जानी
हँसके बोले नीचे आ
अब नीचे आ दीवानी
या अंगूठी फेंक अपनी
या छल्ला दे निशानी
घर की छत पे खड़े खड़े
मैं हुई शरम से पानी
मैं हुई शरम से पानी
फिर क्या हुआ
दैया
फिर झुमका गिरा रे
हम दोनों के इस प्यार में
झुमका गिरा रे
बरेली के बाज़ार में
झुमका गिरा रे

बगिया में बलमा ने मेरी
लट उलझी सुलझाई
बगिया में बलमा ने मेरी
लट उलझी सुलझाई
थाम के आँचल बोले
गोरी तू मेरे मन भाई
आँख झुकाके कुछ ना बोली

कुछ ना बोली हाए हाए
आँख झुकाके कुछ ना बोली
धीरे से मुस्काई

सैंया ने जब छेड़ा मुझको
हो गई हाथापाई
होय हो गई हाथापाई
तो फिर क्या हुआ

फिर झुमका गिरा रे
मैं क्या बोलूँ बेकार में

झुमका गिरा रे
बरेली के बाज़ार में
झुमका ...

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.